Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- उदयपुर में शेखर मथुरिया वरिष्ठ सहायक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, उदयपुर डेथ क्लेम पास करने की एवज में 1,00,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 12 मई, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इन्टेलीजेन्स युनिट उदयपुर ने कार्यवाही करते हुए आरोपी **शेखर मथुरिया हाल वरिष्ठ सहायक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, उदयपुर** को 1,00,000/–**रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इन्टेलीजेन्स युनिट उदयपुर को यह शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी की भांजी (सरकारी शिक्षिका) की मृत्यु होने पर राज्य बीमा के डेथ क्लेम को पास करने एवं कमियों की पूर्ति कर ज्यादा क्लेम राशि पास करवाने की एवज में पहले आरोपी द्वारा 7,50,000/– रूपये (सात लाख पचास हजार रूपये) की मांग की गई एवं दिनांक 11.05.2026 को दौराने मांग सत्यापन आरोपी द्वारा 1,50,000/– रूपये (एक लाख पचास हजार रूपये) की रिश्वत राशि लेने पर सहमती तय हुई। आज दिनांक 12.05.2026 को 1,50,000/– रूपये (एक लाख पचास हजार रूपये) मे से 1,00,000/– रूपये (एक लाख रूपये) प्रथम किश्त लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरवीजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इन्टेलीजेन्स युनिट उदयपुर की प्रभारी **पुलिस निरीक्षक डॉ. सोनू शेखावत** द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी शेखर मथुरिया को 1,00,000/– रूपये (एक लाख रूपये) रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस. परिमाला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया जाकर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।